## COURSE :- MASTER OF LIBRARY AND INFORMATION SCIENCE (MLIS)

# PAPER :- 2ND

# (INFORMATION SYSTEM AND PROGRAMME)

## TOPIC :- INFLIBNET : Information and Library Network

## (इनफ्लिब्नेट)

**उद्देश्य :- इस पाठ में INFLIBNET के Need, Objective, Function and Organizational Services के बारे में जानकारी प्रदान करना है।**

**PREPARED BY :- DINESH SINGH, CHIEF COORDINATOR, LIBRARY SCIENCE, NOU**

# इनफ्लिब्नेट

## (INFLIBNET : Information and Library Network)

इनफ्लिब्नेट भारत का एक विशाल राष्ट्रीय पुस्तकालय नेटवर्क है जिसका मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालयों, अनुसंधान और विकास संगठनों के पुस्तकालय और सूचना केन्द्रों के संसाधनों, सुविधाओं और सेवाओं का केन्द्रीकरण करना और सहभागिता की सहायता से अधिकाधिक उपयोग करने को प्रोत्साहित करना है।

नेटवर्क की इस परियोजना को आठवीं पंचवर्षीय योजना (1990-1995) के अन्तर्गत क्रियान्वित किया गया है। इसका प्रारूप तैयार करने हेतु 1988 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने एक कार्यकारी समूह (Working Group) की नियुक्ति की जिसमें पुस्तकालय, सूचना तथा संचार के क्षेत्र से सम्बन्धित व्यक्तियों को सम्मिलित किया गया। इन्होंने विचार- विमर्श कर 1989 में 'रिपोर्ट ऑफ दी प्लानिंग कमीशन वर्किंग ग्रुप आन मॉडर्नाइजेशन ऑफ लाइब्रेरी सर्विसेज एण्ड इन्फॉरमेटिक्स फार दी सेवन्थ फाइव इयर प्लान' (Report of the Planning Commission Working Group on Modernization of Library Services and Informatics for the Seventh Five Year Plan-1985-90) के आख्या के नाम से प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस प्रतिवेदन को 12 अध्यायों में विभाजित किया गया था जिसमें इनफ्लिब्नेट का परिचय, संरचना, सेवायें, मानकीकरण, सॉफ्टवेयर की आवश्यकता, हार्डवेयर की आवश्यकता, सम्प्रेषण की रूपरेखा, सूचना बैंक, मानव शक्ति, प्रबन्धन, मशीनीकरण, मशीनों का प्रयोग तथा मूल्य का आकलन आदि सम्मिलित हैं।

इस राष्ट्रीय स्तर के नेटवर्क को क्रियान्वित करने का श्रेय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को जाता है। इस प्रकार इनफ्लिब्नेट की शुरूआत हुई और परियोजना प्रस्ताव के अनुसार इन्फॉरमेशन एण्ड लाइब्रेरी नेटवर्क (INFLIBNET) की स्थापना एवं विकास कार्य आठवीं पंचवर्षीय योजना की अवधि में क्रियान्वित करने हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने आवश्यक कदम उठाये। इसका मुख्य कार्यालय क्रियान्वयन की दृष्टि से इनफ्लिब्नेट सोसाइटी, अहमदाबाद है।

इस नेटवर्क के सफल संचालन हेतु भारत सरकार ने इसको दो अवस्थाओं में बजट दिया।

### *इनफ्लिब्नेट की आवश्यकता*

### *(Needs of INFLIBNET)*

इस नेटवर्क की स्थापना के कई कारण रहे हैं जिनमें से प्रमुख कारण इस प्रकार हैं :

(1) उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पत्रिकाओं व पुस्तकों में अधिग्रहण पर बहुत अधिक व्यय होने लगा।

(2) इतना व्यय करने के पश्चात् भी अनुसन्धानकर्ताओं को अपनी आवश्यकता की सामग्री नहीं मिल पाती थी तथा विश्वविद्यालयों के अधिकांश विभाग धन अभाव और पुस्तकालय सेवाओं की कमी महसूस करते थे।

(3) अगर पुस्तकालयों का एक राष्ट्रीय तन्त्र स्थापित किया जाये तो संसाधनों का अधिकाधिक सदुपयोग होगा।

(4) इस नेटवर्क की सहायता से मितव्ययिता और कार्यकुशलता को प्राप्त किया जा सकता है।

(5) इसकी सहायता से अधिग्रहण की पुनरावृत्ति से बचा जा सकता है।

### *इनफ्लिब्नेट के उद्देश्य*

### *(Objectives of INFLIBNET)*

विश्वविद्यालयों, राष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं, अनुसंधान एवं विकास संस्थाओं एवं महाविद्यालयों के पुस्तकालयों एवं सूचना केन्द्रों को एक साथ सम्बद्ध करने का इस नेटवर्क का प्रमुख उद्देश्य है। इसके अलावा इस नेटवर्क के निम्न उद्देश्य हैं :

(1) पुस्तकालयों के राष्ट्रीय स्तरीय नेटवर्क की स्थापना कर महाविद्यालय, विश्वविद्यालय तथा राष्ट्रीय स्तर के पुस्तकालयों को परस्पर आपस में जोड़कर सूचना सेवा की क्षमता में वृद्धि करना।

(2) शैक्षणिक, शोध एवं अनुसंधान हेतु सूचना सम्प्रेषण एवं उसके वितरण की राष्ट्रीय स्तर पर सेवा करना तथा इन सेवाओं का प्रसार करना।

(3) इसकी स्थापना से देश के किसी भी पुस्तकालय में उपलब्ध ग्रन्थों को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है।

(4) ऑन लाइन कम्प्यूटर सेवा तथा पत्र-पत्रिकाओं, अपुस्तकीय पाठ्य सामग्री आदि का संघीय सूचीकरण करके सभी पुस्तकालयों को सहयोग प्रदान करना।

(5) पुस्तकालय में प्रलेखों के आदान-प्रदान एवं उनके संग्रह में वृद्धि कर केन्द्रीय स्तर पर प्रलेखों का सूचीकरण करना जिससे इस कार्य में होने वाली पुनरावृत्ति से बचा जा सके।

(6) पुस्तकालयों के समीप बड़े-बड़े संग्रह स्थापित करके पाठ्य सामग्री के वितरण को सरल बनाना।

(7) उपयोगकर्ताओं हेतु सूचना एवं प्रलेखों के विनिमय के लिये अन्य क्षेत्रीय, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय नेटवर्कों से सम्पर्क रखना तथा उनमें समन्वय स्थापित करना।

(8) संसाधनों की सहभागिता एवं नेटवर्किंग से सम्बन्धित पत्रिकाओं एवं समाचार पत्रिका का प्रकाशन करना।

(9) इलेक्ट्रोनिक डाक की सेवा प्रदान कर वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, अभियन्ताओं, शिक्षकों और विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सूचना प्रदान करना।

(10) देश में स्थित सभी पुस्तकालयों, प्रलेखन केन्द्रों में परस्पर सहयोग को प्रोत्साहित करना।

### *इनफ्लिब्नेट के कार्य*

### *(Functions of INFLIBNET)*

इस नेटवर्क द्वारा निम्नलिखित कार्य सम्पादित किये जाते हैं जो इस प्रकार हैं :

(1) यह पुस्तकों का सूचीकरण और ग्रन्थ सूचियों का संकलन करता है।

(2) पुस्तकालयों के संग्रह आदान-प्रदान में सहयोग प्रदान करता है।

(3) परियोजनाओं और विशिष्ट संस्थाओं से सम्बन्धित सूचना सेवा के बैंक तैयार करता है।

(4) संघ सूचियों का निर्माण कर सामयिक अभिज्ञता सेवा प्रदान करता है।

(5) प्रलेखों एवं अन्य पाठ्य सामग्री का वितरण करना।

(6) पुस्तकालयों के संग्रह में वृद्धि करना।


### *इनफ्लिब्नेट का संगठन*

### *(Organization of INFLIBNET)*

इनफ्लिब्नेट एक बहुमुखी एवं सशक्त एकीकृत पुस्तकालय एवं सूचना प्रणाली है। अतः यह अनेक स्तरों पर कार्य सम्पन्न करने के लिये स्थापित किया गया जैसे राष्ट्रीय, क्षेत्रीय, तथा सम्भागीय और स्थानीय। इन नेटवर्क को गतिविधियों के सफल संचालन करने हेतु राष्ट्रीय केन्द्र की स्थापना की जाती है तथा इसके अन्तर्गत चार क्षेत्रीय केन्द्रों की स्थापना की जायेगी जिनका प्रमुख कार्य अपने-अपने क्षेत्रों के ग्रन्थालयों के संग्रह की संघीय सूची (Union Catalogue) बनाना है। क्षेत्रीय केन्द्रों के अतिरिक्त लगभग 40 विभागीय केन्द्र स्थापित किये जायेंगे।

इस नेटवर्क के अन्तर्गत कुछ विश्वविद्यालय पुस्तकालय एवं शोध तथा विकास संस्थाओं के पुस्तकालयों को संसाधन संग्रह केन्द्रों का दर्जा दिया गया। स्थानीय स्तर पर लगभग 170 विश्वविद्यालय पुस्तकालय, 30 स्वायत्त महाविद्यालय एवं अन्य केन्द्रों के पुस्तकालय तथा 200 शोध एवं विकास संस्थानों के पुस्तकालयों एवं सूचना केन्द्रों के लगभग 400 संगणक सूत्र (Computer Nodes) स्थापित किये गये।

इसके संगठन को निम्न चार्ट की सहायता से स्पष्ट किया जा सकता है :




### *सेवा का मानकीकरण एवं एकरूपता*
### *(Standardization of Service & Uniformity)*

नेटवर्किंग के क्रियान्वयन के लिये सम्मिलित किये गये पुस्तकालयों की प्राविधियों, प्रक्रियाओं एवं विधियों में एकरूपता और मानकीकरण होना आवश्यक है। अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय प्रचलित पद्धतियों के अनुसार इनफ्लिब्नेट अपने स्वयं के मानकों को पूरे नेटवर्क पर लागू किया जाता है। ऐसे मानक वर्गीकरण, विषय शीर्षक, प्रसूचीकरण, सूचना प्रक्रिया व बहुकरण (Information Processing), निवेश अनुरूप, विनिमय प्रारूप (Exchange Format) तथा भौतिक प्रारूप के क्षेत्र से सम्बन्धित होते है।

## इनफ्लिब्नेट की सेवायें
## (Services of INFLIBNET)

इस नेटवर्क द्वारा निम्न सेवायें प्रदान की जाती है जो निम्न हैं :

(1) प्रसूचीकरण सेवा
(2) प्रसूची उत्पादन सेवा
(3) प्रसूची खोज (Catalogue Search) सेवा
(4) अन्तर पुस्तकालय आदान-प्रदान सेवा
(5) प्रलेख प्रदाय (Document Delivery) सेवा
(6) बिब्लियोग्राफिक डेटाबेस खोज सेवा
(7) सामयिक अभिज्ञता सेवा (CAS)
(8) चयनात्मक सूचना प्रसार सेवा (SDI)
(9) संघ प्रसूची (Union Catalogue) सेवा
(10) पूर्वव्यापी ग्रन्थात्मक डेटाबेस खोज सेवा
(11) प्रबन्धकीय सेवा।